जय गौरी के लाल | By Sakshi Sharma

हे गौरी का लाल आपकी जय होवे
गजमुख दीन दयाल आपकी जय होवे
हे गौरी के लाल...........

प्रथम हो पूजन के अधिकारी ग्रन्थ यही बतलाते हैं
ब्रह्मा विष्णु और त्रिपुरारी पहले तुम्हे मनाते हैं
है प्रभु बुद्धि विशाल आपकी जय होवे
हे गौरी के लाल...........

रिद्धि सिद्धि के तुम हो स्वामी, शुभ और लाभ हैं लाल तेरे
लम्बोदर हे गणपति बप्पा हम सब नौ निहाल तेरे
करदो आज निहाल आपकी जय होवे
हे गौरी के लाल...........

विघ्न हरण हे मंगल मूरत, अपनी कृपा बरसा देना
एक दंत टेवा करू मैं तेरी सेवा कीर्तन सफल बना देना
पंकज को लेना संभाल, आपकी जय होवे
हे गौरी के लाल...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-by-sakshi-sharma/